संपादकीय

आतंकवाद की आहट

पंजाब में सिखों के प्रमुख धार्मिक शहर अमृतसर से करीब दस किलोमीटर दूर एक गांव में स्थित निरंकारी भवन पर हुए हमले ने चिंता बढ़ा दी है। इस घटना में तीन लोग मारे गए हैं और कम से कम 19 घायल हुए हैं। पिछले हफ्ते ही पंजाब पुलिस ने पाकिस्तानी मूल के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े 6-7 संदिग्धों के प्रदेश में दाखिल होने की अफवाह के बाद अलर्ट जारी किया था और प्रदेश भर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। पंजाब में पिछले कुछ समय से आतंकी संगठनों के फिर से सिर उठाने के संकेत मिल रहे हैं। वहां अस्सी के दशक में खालिस्तानियों ने ठीक इसी तरह निरंकारियों पर हमले के साथ अपना हिंसक अभियान शुरू किया था और फिर ज्यादातर प्रवासी मजदूरों को अपना निशाना बनाया था। असल में वे सबसे कमजोर तबकों पर हमले के जरिए प्रशासन का रुख भांपने की कोशिश करते हैं।

सचाई यह है कि ऑपरेशन ब्लू स्टार और उसके बाद लंबे समय तक चली पुलिस कार्रवाई से खालिस्तान समर्थकों की रीढ़ भले ही टूट गई हो पर वे पूरी तरह खत्म नहीं किए जा सके हैं। पंजाब की राजनीति में उनकी मौजूदगी किसी न किसी रूप में लगातार बनी रही और कुछ मामलों में उन्होंने अपना अजेंडा भी लागू कराया। अभी वे देश-विदेश में फिर से संगठित हो रहे हैं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों का सहयोग भी मिल रहा है। खुफिया एजेंसियों को सूचना मिली है कि बीते 4 नवंबर को आईएसआई चीफ आसिम मुनीर ने कई खालिस्तानी आतंकियों के साथ मीटिंग की और कहा गया कि वे 'सिख फॉर जस्टिस' को पूरा सहयोग करें। यह संगठन 2020 में खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह कराने की जुगत में है और इसने विदेशों में इसके लिए रैलियां भी की हैं। खालिस्तान आंदोलन को दोबारा जिंदा करने के लिए ग्लोबल स्तर पर फंड इकट्ठा हो रहा है।

असल में पंजाब के कई राजनेता अपने तात्कालिक लाभ के लिए कट्टरपंथियों की मांगों के आगे घुटने टेकते आ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के दोषी रजोआना और दिल्ली बम धमाके के दोषी भुल्लर को फांसी न देने के लिए अकाली सरकार ने जिस तरह पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पारित कराया, उससे खालिस्तानियों को नई ताकत मिली। फिर अभी कांग्रेस की सरकार ने भी ईश निंदा कानून पास करके उन्हीं तत्वों को संतुष्ट करने की कोशिश की। नतीजा सामने है। कश्मीरी आतंकी संगठनों के सदस्यों का पंजाब आना-जाना लगा ही हुआ है। पंजाब में पिछले महीनों में दो आतंकी मॉड्यूल तोड़े गए हैं लेकिन अभी एक दर्जन और मॉड्यूल होने की आशंका जताई जा रही है। पंजाब पुलिस अपनी मुस्तैदी से राज्य में आतंकवाद को फिर से पैर जमाने से रोक सकती है, लेकिन यह तभी संभव है, जब पंजाबी राजनीति के तीनों प्रमुख धड़े कांग्रेस, अकाली दल और आम आदमी पार्टी इस मामले में सहमति बनाकर चलें।

पूंजी पर राहत से सरकार को 14000 करोड़ का फायदा!

मुंबई(आरएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बोर्ड ने सोमवार को बेसल 3 रूल्स पर अमल के लिए बैंकों को एक साल की मोहलत दी थी, उससे उन्हें 14 हजार करोड़ तक का बेनेफिट हो सकता है। इसमें से ज्यादा पैसा सरकार की जेब से जाना था। इसलिए इस ढील का सबसे ज्यादा लाभ भी उसे ही होगा।

ब्रोकरेज फर्म जेफरीज के अनुमान के मुताबिक, अगर सितंबर तिमाही के कॉमन इच्टी टियर 1 रेशियो और रिस्क वेटेड एसेट्स को ध्यान में रखें, तो इससे बैंकों में 13,390 करोड़ रुपये कम लगाने होंगे। आरबीआई बोर्ड ने कैपिटल कंजर्वेशन बफर (सीसीबी) को 1.875 से

बढ़ाकर 2.5 पर्सेंट करने की डेडलाइन बढ़ाकर मार्च 2020 कर दी, जो पहले मार्च 2019 थी। यह कदम इसलिए उठाया गया, ताकि बैंक इस पैसे का इस्तेमाल कर्ज बांटने के लिए कर सकें। ऐसे में मार्च 2019 तक के लिए सीईटी 1 (कॉमन इच्टी टियर) रिच्यारमेंट 7.375 पर्सेंट होगा। इससे उन 10 बैंकों को राहत मिलेगी, जो इच्टी कैपिटल रेशियो के मामले में पीछे छूट गए थे। इससे उनका जो रिजर्व फ्री होगा, वह बैंकिंग सिस्टम में आएगा।

7.35 पर्सेंट कॉमन इच्टी टियर 1 रिच्यारमेंट के लिहाज से ऑरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, इंडियन ओवरसीज बैंक, आंध्रा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, यूनाइटेड बैंक, यूको बैंक और आईडीबीआई बैंक को 21,420 करोड़ रुपये की जरूरत पड़ेगी, जबकि 8 पर्सेंट कैपिटल रिच्यारमेंट के लिए उन्हें 34,800 करोड़ की जरूरत पड़ती। 19 नवंबर को 9 घंटे चली आरबीआई की बोर्ड मीटिंग में यह फैसला लिया गया। इससे पहले एक महीने से आरबीआई और सरकार के बीच कई मुद्दों को लेकर तकरार चल रही थी। इसमें फाइनैंशल सिस्टम में कैश की कमी और एमएसएमई लोन रिस्ट्रक्चरिंग जैसे मसले भी शामिल थे।

जेफरीज ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में बताया, 'इससे सरकार का बोझ कम होगा। हालांकि, अगर वह पब्लिक सेक्टर के बैंकों की बैलेंस शीट ग्रोथ चाहती है तो उसे उन्हें फंड देना होगा।' सरकार और आरबीआई के बीच एमएसएमई सेक्टर की सुस्ती को लेकर भी बहस हो रही थी।

पैन कार्ड बनवाने के नियमों में बड़ा बदलाव, अब पिता के नाम की अनिवार्यता समाप्त

नई दिल्ली (आरएनएस)। आयकर विभाग ने स्थायी खाता संख्या (पैन) आवेदन में आवेदक के पिता-माता के अलग होने की स्थिति में पिता का नाम देने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आयकर विभाग ने एक अधिसूचना के जरिये आयकर नियमों में संशोधन किया है। विभाग ने कहा है कि अब आवेदन फॉर्म

में ऐसा विकल्प होगा कि माता-पिता के अलग होने की स्थिति में आवेदक मां का नाम दे सकता है। अभी पैन आवेदनों में पिता का नाम देना अनिवार्य है। नया नियम पांच दिसंबर से लागू होगा। नांगिया एडवाइजर्स एलएलपी के भागीदार सूरज नांगिया ने कहा कि इस अधिसूचना के जरिये कर विभाग ने उन लोगों की चिंता को दूर कर दिया है जिनमें माता-पिता में अकेले मां का ही नाम है। ऐसे में वह व्यक्ति पैन कार्ड पर सिर्फ मां का ही नाम चाहता है, अलग हो चुके पिता का नहीं।

इस अधिसूचना के जरिये एक वित्त वर्ष में 2.5 लाख रुपये से अधिक का वित्तीय लेनदेन करने वाली इकाइयों के लिए पैन कार्ड के लिए आवेदन करने को अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए आवेदन आंकलन वर्ष के लिए 31 मई या उससे पहले करना होगा।

पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर, आगे फिर गिरावट के आसार

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दाम में लगातार छह दिनों से जारी गिरावट बुधवार को थम गई, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पिछले कारोबारी सत्र में कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट के बाद इस बात की प्रबल संभावना है कि आगे पेट्रोल और डीजल के दाम में और राहत मिलेगी। पिछले करीब डेढ़ महीने में ब्रेंट क्रूड का भाव 23 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा गिरा है। कच्चे तेल का दाम मंगलवार को छह फीसदी से ज्यादा लुढ़का।

हॉकी विश्व कप : खिताब पर कब्जा जमाने आई है ओलम्पिक चैम्पियन अर्जेंटीना

भुवनेश्वर (आरएनएस)। ओडिशा हॉकी विश्व कप के खिताब पर कब्जा जमाने के लिए ओलम्पिक चैम्पियन और वर्ल्ड नम्बर-2 अर्जेंटीना बुधवार को भुवनेश्वर पहुंच गई। कलिंगा स्टेडियम में 28 नवम्बर से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट के लिए अर्जेंटीना को पूल-ए में स्पेन, न्यूजीलैंड और फ्रांस के साथ शामिल किया गया है।

नए मुख्य कोच मारिआनो ओरोजोक के मार्गदर्शन में अर्जेंटीना टीम अपना पहला मैच स्पेन के खिलाफ 29 नवम्बर को खेलेगी। ओरोजोक को कार्लोस रेतेगुई के स्थान पर अर्जेंटीना के कोच पद का कार्यभार सौंपा गया है।

इस टूर्नामेंट की तैयारी के बारे में टीम के अनुभवी ड्रैग फ्लिकर गोंजालो पेइलाट ने कहा, मुझे लगता है कि टीम के पास अच्छा अनुभव है।

ब्रिस्बेन टी-20 : भारत ने टॉस जीता, गेंदबाजी का फैसला

ब्रिस्बेन (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने यहां द गाबा स्टेडियम में जारी पहले टी-20 मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। पिछली बार भारत ने 2016 में आस्ट्रेलिया में मेजबान टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज खेली थी और 3-0 से जीत हासिल की थी।

भारतीय गेंदबाज जसप्रीत

बुमराह को टी-20 क्रिकेट में 50 विकटों की उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल चार और विकटों की दरकार है। अगर वह ऐसा करने में सफल होते है, तो वह सबसे तेजी से 50 विकेट हासिल करने वाले विश्व के सातवें और भारत के दूसरे गेंदबाज बन जाएंगे।

भारतीय टीम : विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, शिखर धवन, लोकेश राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक, क्रूणाल पांड्या, कुलदीप यादव, भुवनेश्वर कुमार, जसप्रीत बुमराह और खलील अहमद।

कार्तिक पूर्णिमा के दिन दान, होता है अनंत पुण्यदायी

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा कार्तिक पूर्णिमा कहलाती है। इसे त्रिपुरी पूर्णिमा या गंगा स्नान के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू धर्म में कार्तिक मास को बड़ा महत्व दिया जाता है, इस साल कार्तिक पूर्णिमा 23 नवंबर 2018 को शुक्रवार के दिन मनाई जाएंगी। कार्तिक पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा, त्रिपुरी पूर्णिमा भी कहा जाता है, शिवपुराण के अनुसार इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक असुर का वध किया था। यही सबसे बड़ा कारण है की इसे त्रिपुरी पूर्णिमा कहते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु की भक्ति में ध्यान, धर्म, दान, स्नान अधिक किया जाता है। कहा जाता है कि इस दिन दान-पुण्य करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

कार्तिक पूर्णिमा को विशेष पुण्यफल प्राप्ति के लिए करें इन चीज़ों का दान-

(1) इस दिन गौ दान करने का खास महत्व माना जाता है, कहा जाता है कि गौ दान का अनंत पुण्यदायी फल प्राप्त होता है। (2) कार्तिक पूर्णिमा पर चन्द्रमा के उदय होने के पश्चात खीर में मिश्री व गंगा जल मिलाकर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु को भोग लगाएं। (3) कार्तिक पूर्णिमा के दिन गरीबों को चावल दान करना बहुत फलदायक माना जाता है, चावल को चंद्रमा का कारक माना जाता है इसी वजह से इस दिन चावल दान करने से चंद्र ग्रह से शुभ फल की प्राप्ति होती है। (4) कार्तिक पूर्णिमा के दिन पत्नी, बच्ची, माता, पिता को उपहार भेंट करें, इससे चंद्रमा की स्थिति ठीक होती है। (5) इस दिन अपने घर के मुख्य द्वार पर आम के पत्तों का तोरण जरुर बांधें, इससे घर में फैली नकारात्मकता शक्तिया दूर होती है।

रिलायंस ने गैस बिक्री में किया शर्तों का उल्लंघन

नई दिल्ली (आरएनएस)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने पूरा प्रॉडक्शन खुद को बेचकर कोल बेड मीथेन (सीबीएम) पर कॉन्ट्रैक्ट की शर्तों और नीतियों का उल्लंघन किया। एक आधिकारिक जांच रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। इससे कंपनी की सैकड़ों करोड़ डॉलर की गैस बेचने की डील रद्द हो सकती है।

रिलायंस ने मध्य प्रदेश की माइंस से पिछले साल सीबीएम का कमर्शल प्रॉडक्शन शुरू किया था।



उसने इससे मिलने वाली गैस बेचने के लिए एक के बाद एक तीन ऑक्शंस किए। इनमें से पहली दो नीलामी कम अवधि और सितंबर 2017 में हुई तीसरी नीलामी मार्च 2021 तक पैदा होने गैस की बिक्री के लिए हुई थी। तीनों ही नीलामी में रिलायंस ने सबसे ऊंची बोली लगाई थी। कंपनी पहले इस मामले में कह चुकी है कि इससे सरकार की आमदनी बढ़ेगी।

डीजीएच ने नीलामियों को बताया गलत

डायरेक्टरेट जनरल ऑफ हाइड्रोकार्बन्स (डीजीएच) ने पिछले साल हुई इन नीलामियों को गलत बताया था। उसने कहा था कि इनमें दूसरे बिडर्स के साथ रिलायंस खुद शामिल हुई थी। उसने इस मामले में सीबीएम पॉलिसी का पालन नहीं किया, जिसमें किसी सहयोगी को गैस बेचने की मनाही है, क्योंकि इससे हितों का टकराव होता है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने की जांच

डीजीएच की रिपोर्ट के बाद पेट्रोलियम मिनिस्ट्री ने इस मामले की जांच की। इसमें अधिकारियों ने पॉलिसी की शर्तों पर महीनों तक बहस की। कानून मंत्रालय की राय मांगी गई और रिलायंस इंडस्ट्रीज का पक्ष भी सुना गया।

इस सप्ताह तीन दिन बैंकों में छुट्टी, समय पर निपटा लें काम

नई दिल्ली (आरएनएस)। इस हफ्ते गुरु नानक जयंती, और ईद-ए-मिलाद की वजह से बैंकों में अवकाश रहेगा। बुधवार यानी 21 नवंबर को ईद-ए-मिलाद की छुट्टी है और 23 तारीख को गुरु नानक जयंती है। इसके बाद 24 तारीख को महीने का चौथा सोमवार होने की वजह से बैंकों में छुट्टी रहेगी। हफ्ते में तीन दिन बैंक बंद होने की वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। एटीएम में नकदी की किल्लत हो सकती है, इसलिए ऐहतियातन आप पहले से नकदी निकालकर अपने पास रख सकते हैं। इस दौरान डिजिटल ट्रांजैक्शन से भी लेनदेन कर सकते हैं।

ऐसे बनाएं गोभी का पराठा

सर्दियों में स्टफ्ड पराठे खाना का अलग ही मजा होता है लेकिन इसे बनाना हर किसी के बस की बात नहीं। स्टफिंग से लेकर आटे को गूंथने का भी अलग तरीका होता है। तो जानते हैं सीक्रेट रेसिपी।

सामग्री- गेहूं का आटा- 5-6 बड़े कप, गोभी- 250 ग्राम, जीरा- द चम्मच, धनिया पाउडर- ड्ड चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- द चम्मच से थोड़ा कम, गरम मसाला-1/4 छोटी चम्मच, अमचूर- द चम्मच, अदरक-1/2 टुकड़ा (कद्दूकस किया हुआ), हरा धनिया- 1 टेबिल स्पून(बारीक कटा हुआ), हरी मिर्च -1 बारीक कटी हुई, नमक- ड्ड छोटी चम्मच या स्वादानुसार, तेल- सेंकने के लिए

विधि- फूल गोभी बड़े टुकड़े करके अच्छी तरह धो लें। और इन्हें कद्दूकस कर लें। अब आटे में तेल और नमक मिलाकर पानी की मदद से नरम आटा गूथ लें। और 20 मिनट के लिए ढ़क कर रख दें जिससे ये सैट हो जाए। अब कढ़ाई में तेल डाल कर गरम करें। अब इसमें जीरा डाल डालें फिर धनिया पाउडर, हरी मिर्च और अदरक डाल कर भून लें। मसाले में गोभी, अमचूर पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, नमक, गरम मसाला डालकर मिला लें। 2-3 मिनट लगातार चलाते हुए गोभी को पका लें और तैयार है आपकी स्टफिंग। अब हाथों पर थोड़ा सा तेल लगाकर इसे चिकना कर लें। और लोई बनाएं। लोई को सूखे आटे (परोथन) में लपेटकर बेलें।

शब्द सामर्थ्य-94

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 93 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा	■	म	हा	र	त
क	■	ह	■	■	■	■	ज	न
■	जा	न	की	■	क	म	नी	य
■	■	त	म	क	ना	■	■	■
म	■	■	त	ह	त	■	दा	ब
सी	मा	■	■	ला	■	स	न	द
हा	थ	म	ल	ना	■	वा	■	च
■	■	द	■	■	घा	ल	मे	ल
■	ब	द	ह	वा	स	■	■	न

सू-दोकू-94

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.93 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

आज का राशिफल

मेष: कम समय में अधिक लाभ पाने के विचार में आप न फंसें। कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहें। एकाग्रता कम रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन सम्बंधित लेन-देन में सावधानी बरतें।

वृषभ: गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। व्यावसायिक एवं आर्थिक रूप से लाभ होगा। दोपहर बाद संभलकर चलें। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

मिथुन: आज का दिन अनुकूलता भरा और लाभदायी है। अधिकारीगणों की कृपादृष्टि रहेगी। व्यापार में आय बढने की और दिए गए धन की वसूली होगी। पिता और बड़ों के आशीर्वाद से लाभ होगा। आकस्मिक धन लाभ होगा।

कर्क: अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में बाधा उत्पन्न होने की भी संभावना है। अधिकारीगण कार्य से संतुष्ट होंगे। आर्थिक दृष्टि से लाभ होगा।

सिंह: क्रोध और वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहने की आशंका है। परिजनों के साथ कलह के प्रसंग बन सकते हैं।

कन्या: दिन का आरंभ आनंददायक रहेगा। साझेदारों के साथ भी आज संबंध अच्छे रहेंगे, दोपहर बाद कुछ परेशानी हो सकती है। रोगों के पीछे आकस्मिक खर्च हो सकता है। लेकिन अचानक लाभ भी मिल जानें से स्थिति संतुलित रहेगी।

तुला: आज दृढ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ प्रत्येक कार्य को सफल बनाएंगे। गृहस्थजीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा। दोपहर बाद मनोरंजन के प्रति झुकाव बढ़ेगा।

वृश्चिक: आज आप अधिक भावुक रहेंगे।अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। घर के वातावरण में सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी और प्रतिस्पर्धीयों पर विजय प्राप्त करेंगे।

धनु: माता का स्वास्थ्य नरम रह सकता है। धन और प्रतिष्ठा में हानि होने की आशंका है। दोपहर बाद आपके स्वभाव में भावुकता बढ़ सकती है।

मकर: मित्रों और प्रियपात्रों के साथ मुलाकात आनंददायी रहेगी। छोटे से प्रवास का आयोजन हो सकता है। भाईयों के साथ संबंधों में निकटता आएगी। धन और कीर्ति की हानि होने की आशंका है।

कुंभ: आज क्रोध और वाणी पर संयम रखें। नकारात्मक विचार मन में न आने दें, साकारात्मक बने रहें। खान-पान में संयम बरतिएगा। दोपहर बाद वैचारिक स्थिरता के साथ अपने हाथ में आए हुए कार्यों को पूर्ण कर पाएंगे। मान-सन्मान प्राप्त होगा।

मीन: दिन शुभफलदायी है। नए कार्य का शुभारंभ करने के लिए समय अनुकूल है। धार्मिक कार्यों में खर्च होगा। प्रवास और पर्यटन का योग है। धन संबंधी लेनदेन में सावधानी बरतने की गणेशजी की सलाह है।